दिनांक-12फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बैकुंठधाम एवं अंबेडकरनगर के हितग्राहियों को मिला नवीनीकृत पट्टा व राशनकार्ड

भिलाईनगर। नवीन राशन कार्ड और 1984 के नवीनीकृत पट्टे का वितरण महापौर परिषद के सदस्य दिवाकर भारती एवं लक्ष्मीपति राजू ने अंबेडकर नगर के भवन में तथा बैकुंठधाम वार्ड कार्यालय में महापौर परिषद के सदस्य दुर्गा प्रसाद साहू एवं वार्ड पार्षद रिंकू राजेश प्रसाद ने किया। आज सुबह 11 बजे अम्बेडकर नगर और मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय बैकुंठधाम में वार्ड के नागरिकों के जनसमूह के बीच महापौर परिषद के सदस्यों ने 71 लोगों को पट्टा व 292 हितग्राहियों राशनकार्ड का वितरण किया। नया राशनकार्ड बनने तथा 30 वर्षों की मियाद पूरी हो चुके मूल पट्टे को नवीनीकृत होकर मिलने से लोगों ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपस्थित महापौर परिषद के सदस्य व पार्षदों ने नवीनीकृत पट्टा व राशनकार्ड के महत्व के बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी। जोन 02 क्षेत्र के अम्बेडकर भवन में आयोजित वितरण कार्यक्रम में खाद्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू व महापौर परिषद के सदस्य दीवाकर भारती ने नवीनीकृत 35 मूल पट्टे व 14 नवीन राशकार्ड, हितग्राहियों को प्रदान किये। इसी प्रकार जोन 03 क्षेत्र के बैंकुंठधाम स्थित मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में महापौर परिषद के सदस्य दुर्गा प्रसाद साहू व वार्ड 21 की पार्षद रिंकू राजेश ने 36 नवीनीकृत मूल पट्टा, 232 नवीनीकृत बीपीएल व 46 नवीन एपीएल राशनकार्ड हितग्राहियों को प्रदान किए। गौरतलब है कि 1984 के तहत बनाए गए पट्टे की 30 वर्ष की अवधि समाप्त होने उपरांत पट्टे का नवीनीकरण कर हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है!

जनसम्पर्क अधिकारी